**विकास भारती पब्लिक स्कूल**

**अभ्यास पत्र ( 2024–25)**

**कक्षा – नवीं**

**विषय – हिंदी (085)**

**समयावधि – 3 घंटे** | **पूर्णांक – 80 अंक**

**सामान्य निर्देश :–** (1) इस प्रश्नपत्र के पांच मुद्रित पृष्ठ तथा चार खंड हैं।
(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **खंड क (पठन कौशल)** | |
| प्रश्न 1 | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 7 |
| | | हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं। जिसको जो रूप अच्छा लगे उसे ही अपने मन में स्वीकार करे। ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिये बुरा है जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है पर ऐसे लोगों का साथ करना और बुरा है जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई दबाव रहता है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है। दोनों अवस्थाओं में जिस बात का भय रहता है उसका पता युवा पुरुषों को प्रायः कम रहता है। यदि विवेक से काम लिया जाए तो भय नहीं रहता पर युवा पुरुष प्रायः विवेक से काम नही लेते हैं। कैसे आश्चर्य की बात है कि लोग एक घोड़ा लेते हैं तो उसके गुण-दोष लोग कितना परखकर लेते हैं। पर किसी को मित्र बनाने में उसके पूर्व आचरण और प्रकृति आदि का कुछ भी और अनुसंधान नहीं करते। वे उसमें अच्छी बातें मानकर अपना पूरा विश्वास जमा देते हैं। हँसमुख चेहरा बातचीत का ढंग थोड़ी चतुराई या साहस से दो चार बातें किसी में देख कर लोग चटपट अपना बना लेते हैं। हम यह नहीं सोचते कि मैत्री का उद्देश्य क्या है। जीवन में उसका कुछ मूल्य है। यह एक ऐसा साधन है जिससे आत्म शिक्षा का कार्य सुगम हो जाता है। विद्वानों का मत है - विश्वासपात्र मित्र से भारी रक्षा होती है , जिसे ऐसा मित्र मिल जाए मानो उसे खजाना मिल गया। मित्र एक औषधि के समान है। | |
| | 1 | **हम लोग किसके समान होते हैं ?**<br>(क) मिट्टी के समान (ख) पक्की मिट्टी की मूर्ति के समान<br>(ग) कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान (घ) कागज की तस्वीर के समान | 1 |
| | 2 | **कैसे लोगों का साथ हमारे लिये बुरा होता है ?**<br>(क) जो हमसे अधिक वाचाल हैं (ख) जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं<br>(ग) जो हमारी बात को ऊपर रखते हैं (घ) (ख) और (ग) दोनों | 1 |
| | 3 | **मित्र बनाते समय हमें किस की परख करनी चाहिए ?**<br>(क) शरीर की सुन्दरता की (ख) आचरण एवं प्रकृति की<br>(ग) उसके डील-डौल की (घ) उसके माता-पिता एवं शिक्षा की | 1 |
| | 4 | **मैत्री का क्या उद्देश्य होता है ?** | 2 |
| | 5 | **विश्वासपात्र मित्र से क्या लाभ हैं ?** | 2 |
| प्रश्न 2 | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 7 |
| | | विनम्रता चरित्र का सदगुण है। सुसंस्कृत होने का परिचय-पत्र। यह चुंबक की तरह अपने संपर्क में आने वाले को बरबस अपनी ओर खींच लेता है। विनम्र व्यक्ति की बोली , मृदुल आचरण निजता से ओतप्रोत होती हैं। दीनता विनम्रता नहीं होती। दीन याचक होता है ] जबकि विनम्र दाता। वह प्यार बाँटता है जुड़ाव पैदा करता है और मेल-मिलाप की पृष्ठभूमि तैयार करता है। उनके मन में विपरीत विचार वालों के साथ भी सामंजस्य बैठाने की धारणा बनी रहती है। आगंतुक का प्रसन्नतापूर्वक स्वागत करना अपने से बड़ों द्वारा आसन ग्रहण करने पर | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ही आसन ग्रहण करना ऐसी प्राथमिक आदतें हैं जो विनीत व्यक्ति की पहचान कराती हैं। जिसके प्रति हम विनम्र हैं वह हमारी उपेक्षा कर रहा है अथवा हमारी विनम्रता को हमारी कमजोरी समझ रहा है तो अपने स्वाभिमान की रक्षा करते हुए उसे समझाना चाहिए। पर इस व्यवहार में दंभ नहीं होना चाहिए। यदि हम दूसरे से विनम्र व्यवहार की अपेक्षा करते हैं तो वे हम से भी वैसा ही अपेक्षा करेंगे। नदियों के पानी से कभी समुद्र में बाढ़ नहीं आती। नदियाँ अपने पानी के साथ बहुत सारी चीजें बहाकर ले आती हैं पर समुद्र अपनी सीमा में रह कर भी उन सबको अपने में समा लेता है। यह सागर का अपना विनम्र अनुशासन ही तो है। | |
| | 1 | **विनम्र व्यक्ति के मन में विपरीत विचार वालों के लिए कैसी धारणा बनी रहती है ?**<br>(क) असामंजस्य बैठाने की धारणा (ख) सामंजस्य बैठाने की धारणा<br>(ग) सामंजस्य बैठाने की अवधारणा (घ) असामंजस्य बैठाने की अवधारणा | **1** |
| | 2 | **विनम्र व्यक्ति का क्या कार्य होता है ?**<br>(क) नफरत बाँटता है, अलगाव पैदा करता है। (ख) प्यार बाँटता है, लगाव पैदा करता है।<br>(ग) दुराव बाँटता है, छिपाव दिखाता है। (घ) प्यार बाँटता है, जुड़ाव पैदा करता है। | **1** |
| | 3 | **जब कोई हमारी विनम्रता को हमारी कमजोरी समझने लगे तो क्या करना चाहिए ?**<br>(क) क्रोधित होकर उसे समझाना चाहिए।<br>(ख) अपने स्वाभिमान की रक्षा करते हुए बिना दंभ के समझाना चाहिए।<br>(ग) अपने स्वाभिमान की रक्षा करते हुए दंभपूर्वक समझाना चाहिए।<br>(घ) हमें चुप रहना चाहिए। | **1** |
| | 4 | **विनम्रता किसका परिचय-पत्र है ,और कैसे ?** | **2** |
| | 5 | **विनम्र व्यक्ति अपने से बड़ों तथा आगंतुक का स्वागत कैसे करता है ?** | **2** |
| | | **खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **प्रश्न 3** | | **निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **2** |
| | क) | पद और शब्द में क्या अंतर होता है ? | |
| | ख) | पद और शब्द का एक - एक उदाहरण दीजिए। | |
| | ग) | मंदिर, भक्त आदि इकाइयाँ पद कैसे बन सकती है ? | |
| **प्रश्न 4** | | **निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **2** |
| | क) | उचित स्थान पर अनुनासिक लगाकर शब्द पुनः लिखें - महगाई | |
| | ख) | उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर शब्द पुनः लिखें - स्वय | |
| | ग) | अनुस्वार का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित शब्द का मानक रूप लिखिए- सम्बन्ध | |
| **प्रश्न 5** | | **निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **4** |
| | क)<br>ख) | **उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग कीजिए-** प्रत्येक ,गैरजिम्मेदार<br>**दिए गए प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए** – आई, वाला | |
| **प्रश्न 6** | | **निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **3** |
| | क)<br>ख) | **संधि विच्छेद कीजिए** - **1)** अत्यंत **2)** परीक्षा<br>**संधि कीजिए** – **1)** अधिक +अश **अथवा** परम +आनंद | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रश्न 7** | | **निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। उचित विराम चिन्ह लगाएं-** | **2** |
| | **क)**<br>**ख)**<br>**ग)** | तुम लखनऊ कब जाओगे<br>मेरे जन्मदिन पर पिताजी खिलौने किताबें और मिठाई लाए<br>गाँधीजी ने कहा करो या मरो | |
| **प्रश्न 8** | | **अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद बताइए । (किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए)** | **3** |
| | **क)**<br>**ख)**<br>**ग)**<br>**घ)** | वाह ! राम कितना अच्छा गाता है।<br>तुम कल कहाँ गए थे ?<br>मैं आज खाना नहीं खाऊँगा।<br>यदि तुम परिश्रम करते तो अव्वल आते। | |
| | | **खंड ग (पाठ्यपुस्तक और पूरक पाठ्यपुस्तक)** | |
| **प्रश्न 9** | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनिए –** | **5** |
| | | जब अप्रैल में मैं बेस कैम्प में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे। उन्होंने इस बात पर विशेष महत्त्व दिया कि दल के प्रत्येक सदस्य और प्रत्येक शेरपा कुली से बातचीत की जाए। जब मेरी बारी आई तो मैंने अपना परिचय यह कहकर दिया कि मैं बिलकुल ही नौसिखिया हूँ और एवरेस्ट मेरा पहला अभियान है। तेनजिंग हँसे और मुझसे कहा कि उनके लिए भी पहला अभियान है लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि शिखर पर पहुंचने से पहले उन्हें सात बार एवरेस्ट पर जाना पड़ा था फिर अपने हाथ मेरे कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा कि "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो, तुम्हे तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए।" | |
| | 1 | **बेस कैंप में आरोहियों से मिलने कौन आया ?**<br>**क)** कर्नल खुल्लर आए थे<br>ख) शेरपा कुली आए थे<br>**ग)** तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे<br>**घ)** इनमें से कोई नहीं | |
| | 2 | **आगुन्तक ने किस बात का विशेष ध्यान रखा ?**<br>क) दल के हर सदस्य से बात की जाए<br>ख) केवल कुछ खास लोगों से बात की जाए<br>ग) हर शेरपा कुली से बात की जाए<br>घ) क और ग सही है | |
| | 3 | **लेखिका ने आगुंतकों को अपना परिचय कैसे दिया ?**<br>**क)** मैं स्वस्थ और निडर हूँ<br>ख) खतरों से खेलना जानती हूँ<br>ग) मैं नौसिखिया हूँ<br>**घ)** मुझे पर्वतारोहण की उचित जानकारी है | |
| | 4 | **आगुन्तक ने लेखिका का हौसला कैसे बढ़ाया ?**<br>**क)** तुम पक्की पर्वतीय लड़की हो | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ख) तुम्हे तो पहले प्रयास में ही शिखर पर पहुँच जाना चाहिए<br>ग) उन्हें शिखर पर पहुंचने से पहले सात बार एवरेस्ट जाना **पड़ा**<br>**घ)** उपर्युक्त सभी सही है | |
| | 5 | **तेनजिंग ने लेखिका के साथ अपना अनुभव क्यों बांटा** ?<br>**क**) लेखिका निडर थी<br>**ख)** लेखिका को निरुत्साहित करने के लिए<br>**ग)** लेखिका घबरा रही थी<br>**घ**) लेखिका ने स्वयं को नौसिखिया कहा था | |
| **प्रश्न** 10 | | **निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए।** | 6 |
| क)<br>ख)<br>ग)<br>घ) | | महादेव भाई अपना परिचय किस रूप में देते थे ?<br>अतिथि के अधिक दिनों तक टिके रहने पर लेखक के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया ?<br>ओझा के आने से घर की स्थिति में क्या परिवर्तन आया ?<br>भारतीय संस्कृति से रामन को गहरा लगाव था- इस कथन पर प्रकाश डालें ? | |
| **प्रश्न** 11 | | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनिए – | 5 |
| | | **गाकर गीत विरह के तटिनी**<br>**बेगवती बहती जाती है**<br>**दिल हल्का कर लेने को**<br>**उपलों से कुछ कहती जाती है**<br>**तट पर एक गुलाब सोचता**<br>**देते स्वर यदि मुझे विधाता**<br>**अपने पतझर के सपनों का**<br>**मैं भी जग को गीत सुनाता** | |
| | 1) | **नदी किसके विरह में व्याकुल हैं**?<br>**क)** समुद्र के **ख)** बारिश के **ग)** पर्वत के | |
| | 2) | **कौन अपनी व्यथा को व्यक्त कर दिल हल्का करता है** ?<br>**क)** नदी **ख)** पक्षी **ग)** तालाब | |
| | 3) | **प्रस्तुत काव्यांश के आधार पर बताएं कि गुलाब कहा उगा हुआ था** ?<br>**क)** वन पर **ख)** तट पर **ग)** छत पर | |
| | 4) | **प्रस्तुत काव्यांश के छः आधार पर बताइए कि पतझड़ में मिले दुखों को कौन व्यक्त करना चाहता है**<br>**क)** सूरजमुखी **ख)** गुलाब **ग)** चमेली | |
| | 5) | **अभिव्यक्ति के माध्यम का गुण गुलाब क्यों चाहता था** ?<br>**क)** वेदना प्राप्त करने के लिए **ख)** बेगवती नदी के प्रचंड वेग के लिए **ग)** पतझड़ के सपनों को व्यक्त करने के लिए | |
| **प्रश्न** 12 | | निम्नलिखित में से किन्ही **तीन** प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए। | 6 |
| | क)<br>ख)<br>ग) | **कवि ने 'अग्निपथ' किस के प्रतीक स्वरूप प्रयोग किया है ?**<br>**गीत द्वारा अपनी भावना व्यक्त करते वाले एवं अगीत के संदर्भ में चुप रहने वाले पात्र कौन -कौन से हैं ?**<br>**रहीम के नीति परक दोहों की क्या विशेषता है ?** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | घ) | **रैदास के प्रस्तुत पदों से कवि हमें क्या प्रेरणा देना चाहता है ?** | |
| **प्रश्न** 13 | | **निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए।** | **8** |
| | क)<br>ख)<br>ग) | **मक्खनपुर पढ़ने जाने वाली टोली को लेखक ने वानर टोली क्यों कहा है ?**<br>**गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गयी और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया ?**<br>**कैलास शहर के जिला अधिकारी ने आलू की खेती के विषय में क्या जानकारी दी ?** | |
| | | **खंड घ (रचनात्मक लेखन)** | |
| **प्रश्न** 14 | | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** | **5** |
| | | **देश के प्रति हमारा कर्तव्य –**<br>**संकेत बिंदु –** भारत देश , देश के प्रति कर्तव्य , आदर्श नागरिक<br>**मोबाइल फोन का युग –**<br>**संकेत बिंदु –** लोकप्रियता , मोबाईल फोन से आई क्रांति , जीवन के लगभग हर क्षेत्र में लाभ , हानियाँ<br>**परोपकार अथवा परहित सरिस धर्म नहीं भाई**<br>**संकेत बिंदु –** परहित का अर्थ , आज की आवश्यकता , प्रकृति से शिक्षा | |
| **प्रश्न** 15 | | दो मित्र दिल्ली में आई बाढ़ के कारणों और समाधान पर चर्चा कर रहे हैं। वे बाढ़–पीड़ितों की सहायता करने के लिए जाना भी चाहते हैं। उनके बीच हुए **वार्तालाप** को लगभग 100 शब्दों में **संवाद के रूप में** लिखिए। **अथवा**<br><br>महिलाओं की शिक्षा और उनके कामकाजी होने के विषय में दादी और पोती के मध्य होने वाली **बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद के रूप** में लिखिए। | **5** |
| **प्रश्न** 16 | | **चित्र में दिखाई गई घटना का कल्पना शक्ति के आधार पर लगभग 100 शब्दों में वर्णन**<br><br>**1.**   | **5** |
| **प्रश्न** 17 | | अपने मित्र को पत्र लिखकर बताइए कि आपने बिना पटाखों के दीपावली कैसे मनाई ?<br>**अथवा**<br>नियमित रुप से योग करने की सलाह देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए। | **5** |

२